# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे लाभ : रमा

**संवाददाता, पटना**

**पिछड़ा** वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जुड़े हर मुद्दे का तुरंत समाधान किया जायेगा, लेकिन इसके लिए अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करना होगा, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंच सकें.

ये बातें पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने शुक्रवार को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक और कार्यशाला के दौरान कहीं. मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया जीविका के माध्यम से विद्यालयों में मेस और साफ-सफाई के कार्यों का संचालन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराये. कार्यक्रम के दौरान विभाग ने आइआइटी कानपुर के साथ साथी कार्यक्रम के कार्यान्वियन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया.इसका उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विश्वस्तरीय कोचिंग सुविधा प्रदान करना है.